नीतीश मिश्रा
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

सदस्य
बिहार विधान सभा

पत्रांक- 124/2020
दिनांक- 01/12/2020

सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार, (पटना)

02/12/20

विषयः ग्रामीण कार्य प्रमण्डल झंझारपुर अन्तर्गत झंझारपुर प्रखण्ड के रैयाम पूर्वी पंचायत से रैयाम पश्चिमी पंचायत तक पथ निमार्ण के संदर्भ में।

ग्रामीण कार्य विभाग की एक महत्वपूर्ण सड़क रैयाम पूर्वी पंचायत से रैयाम पश्चिमी पंचायत को जोड़ती है। बहुत बड़ी आबादी के लिए काफी महत्वपूर्ण यह सड़क अत्यंत ही जर्जर स्थिति में है, फलस्वरूप आमलोगों को काफी परेशानी होती है।

उक्त पथ में जल संसाधन विभाग का नहर भी गुजरता है। मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत पूर्व में ही नहर पर पुल का निर्माण भी कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक पथ का निर्माण नहीं कराये जाने से पुल का उपयोग भी नगण्य है। सड़क की इस खराब स्थिति से स्थानीय लोगों में असंतोष व्याप्त हो रहा है।

अधीक्षण अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, दरभंगा द्वारा इस सड़क के निर्माण हेतु अधीक्षण अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी राज्य योजना कोषांग, बिहार, पटना को प्रस्ताव भी भेजा गया था (सुलभ प्रसंग हेतु पत्र की छायाप्रति संलग्न किया जा रहा है)।

अतः अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त सड़क निर्माण को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्दश देना चाहेंगे।

शुभकामनाओं सहित!

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 1.12.2020

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com